Cleaning stopped in TMH

Pub Date:	15 Dec 2016	Publication:	Dainik Jagran	Edition:	Jamshedpur
Journalist:	Bureau	Language:	Hindi	Page No.:	2
CCM:	50.65	MAV:	65847.6	Circulation	75000

टीएमएच में साफ-सफाई ठप

ठेका सफाई कर्मियों ने की हड़ताल ● कर रहे वेतन वृद्धि की मांग

जमशेदपुर : टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) के ठेका कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि की मांग को लेकर बुधवार को पहले हंगामा किया फ़िर हड़ताल पर चले गए। इससे साफ-सफाई का काम अस्पताल में पूरी तरह ठप रहा। देर रात गुरुवार को बातचीत के लिए दोनों पक्ष तैयार हुए।

दरअसल, टीएमएच में पहले सफाई का ठेका महाराष्ट्र की कंपनी रेयर के जिम्मे था। एक दिसंबर से यह जिम्मेदारी कोलकाता की कंपनी कंपास को दे दी गई, जिसने ठेका कर्मियों का वेतन घटाकर 6,500 रुपये प्रति माह कर दिया। सफाई कर्मियों का कहना है कि वह अपने वेतन में कटौती बर्दाश्त नहीं करेंगे। बिरू मुखी ने बताया कि रेयर कंपनी द्वारा उन्हें सबकुछ काट कर (पीएफ, ईएसआइ सहित अन्य) मासिक 7500 रुपये दिया जाता था। बोनस व राष्ट्रीय छुट्टी का भी पैसा मिलता था। हड़ताल पर गये करीब 500 कर्मचारियों में सफाई, हाउस कीपर, वार्ड ब्वाय, स्वीपर, वार्ड गर्ल सहित अन्य शामिल हैं।

वेतन वृद्धि की मांग को लेकर टीएमएच परिसर में हड़ताल के दौरान नारेबाजी करते ठेका सफाई कर्मी। जागरण